**दिनांक - 16.10.2025**

**-प्रेस नोट-**

# *थाना जनकपुरी पुलिस द्वारा मात्र 12 घण्टे में साइकिल चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए 02 साइकिल चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 02 साइकिल बरामद*

*अवगत कराना है कि दिनांक 15.10.2025 को वादी 1. रोहित कुमार पुत्र स्व0 सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम खजुरी अकबरपुर थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी की साइकिल चोरी कर ले जाने की सूचना के सम्बन्ध में थाना जनकपुरी पर मु0अ0सं0 257/25 धारा 303(2) बीएनएस के पंजीकृत किया गया व 2. संदीप पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम चकहरेटी थाना जनकपुरी जिला सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत अज्ञात चोर द्वारा वादी की साइकिल चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध मे थाना जनकपुरी पर मु0अ0सं0 258/25 धारा 303(2) बीएनएस के पंजीकृत किया गया था।*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु आदेश-निर्देश दिये गये थे। आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री परविन्दर पाल सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 16.10.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना जनकपुरी पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त मुकदमों में त्वरित कार्यवाही करते हुए* ***02 अभियुक्तगण 1. मोहतसीन पुत्र शब्बीर निवासी महेश्वरी खुर्द थाना देहात कोतवाली जिला सहारनपुर*** *को 01 साइकिल NEELAM कम्पनी (सम्बन्धित मु0अ0सं0 258/25 धारा 303(2) बीएनएस) सहित गिरफ्तार किया गया व अभियुक्त* **2. जाहीद पुत्र यामीन निवसी गढेडा थाना चिलकाना जिला सहारनपुर** *को 01 साइकिल A-VON सहित (सम्बन्धित मु0अ0सं0 257/25 धारा 303(2) बीएनएस) गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधारी पर उपरोक्त मुकदमो में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। अभियुक्तो के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता:-***

*1. मोहतसीन पुत्र शब्बीर निवासी महेश्वरी खुर्द थाना देहात कोतवाली जिला सहारनपुर*

*2. जाहीद पुत्र यामीन निवसी गढेडा थाना चिलकाना जिला सहारनपुर*

***बरामदगी:-***

*01 अदद साइकिल NEELAM कम्पनी*

*01 अदद साइकिल A-VON कम्पनी*

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का नाम:-***

*1. उ0नि0 वेदप्रकाश थाना जनकपुरी, सहारनपुर*

*2. उ0नि0 शिवराज तोमर थाना जनकपुरी सहारनपुर*

*3. है0कां0 976 रविन्द्र थाना जनकपुरी सहारनपुर*

*4. का0 2392 लविश कुमार थाना जनकपुरी,सहारनपुर*

**दिनांक - 16.10.2025**

**-प्रेस नोट-**

# ***थाना जनकपुरी, सहारनपुर पुलिस द्वारा 01 NBW वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार***

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चैकिंग व गश्त की जा रही है । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री प्रविन्दर पाल सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 16.10.2025 को थाना जनकपुरी पुलिस टीम द्वारा चैकिंग व गश्त के दौरान* ***01 एनबीडब्लू वारण्टी अभियुक्त फरमान पुत्र गालिब निवासी ग्राम सिम्भालका जुनारदार थाना जनकपुरी जिला सहारनपुर*** *को सम्बन्धित वाद सं0- 7628/25 व मु0अ0स0-137/23 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम में गिरफ्तार किया गया । वारण्टी को समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।*

## ***गिरफ्तार वारण्टी का नाम व पता:-***

*1. फरमान पुत्र गालिब निवासी ग्राम सिम्भालका जुनारदार थाना जनकपुरी जिला सहारनपुर*

## ***गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का नाम:-***

- *उ0नि0 श्री संजय शर्मा, थाना जनकपुरी सहारनपुर*
- *है0कां0 574 अश्वनी, थाना जनकपुरी सहारनपुर*
- *कां0 1804 प्रमोद कुमार, थाना जनकपुरी सहारनपुर*

-प्रेस नोट-

दिनांकः 16.10.2025

***वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में सशक्त पैरवी के चलते माननीय न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एडीजे कक्ष सं0-09 जनपद सहारनपुर द्वारा खतरनाक हथियार से हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर देने के मुकदमे में अभियुक्त को 03 वर्ष का कठोर कारावास व 05 हजार रू0 के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गईः-***

*अवगत कराना है, कि दिनांक 14.08.2019 को वादी विक्की उर्फ विशाल पुत्र नवीन कश्यप नि0 मौ0 मौहम्मद गौरी थाना गंगोह जनपद सहारनपुर द्वारा वादी के पुत्र को अभियुक्त गोनू पुत्र जगन सिंह निवासी मौ0 मौहम्मद गौरी थाना गंगोह जनपद सहारनपुर के द्वारा वादी के पुत्र को छुरी से घायल कर गंभीर चोट पहुंचाना तथा जान से मारने की धमकी देने की सूचना पर मु0अ0स0-639/19 धारा 307,324 भादवि थाना गंगोह जनपद सहारनपुर पर पंजीकृत कराया गया उपरोक्त अभियोग एसटी नं0-2066/21 पर माननीय न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एडीजे-9 जनपद सहारनपुर में विचाराधीन रहा।*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में* OPERATION CONVICTION *में चिन्हित मांनिटरिंग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासो के चलते माननीय न्यायालय अपर सत्र यायाधीश एडीजे-9 जनपद सहारनपुर द्वारा* ***आज दिनांक 16.10.2025 को अभियुक्त गोनू पुत्र जगन सिंह निवासी मौहल्ला मौहम्मद गौरी थाना गंगोह जनपद सहारनपुर को मु0अ0स0-639/19 धारा 324 भादवि में दोषी पाते हुए 03 वर्ष का कठोर कारावास व 05 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित*** *किया गया।*

***नोटः-*** *गोनू पुत्र जगन सिंह निवासी मौ0 मौहम्मद गौरी थाना गंगोह जनपद सहारनपुर को मा0 न्यायालय एडीजे-09 द्वारा धारा 307 में दोषमुक्त किया गया*

***शासकीय अधिवक्ता- (ए0डी0जी0सी0) श्री नीरज चैहान***
***विवेचक- उपनिरीक्षक श्री नवीन कुमार***
***पैरोकार है0का0-347 रवि अन्तल थाना गंगोह सहारनपुर।***

-प्रेस नोट-

दिनांकः 16.10.2025

*_ सहारनपुर पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था सुदृढ़ीकरण हेतु प्रभावी कार्यवाही_*

*_➡️वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक यातायात के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात के नेतृत्व में अतिक्रमण दस्ता, यातायात पुलिस व थाना कोतवाली नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा शहर के मुख्य बाजार क्षेत्रों — शहीदगंज, मोरगंज, फवारा चौक, जोगियान पुल से खुमरानपुर तक (बोमनजी रोड एवं अंसारी मार्ग दोनों ओर) — में व्यापक यातायात सुधार अभियान संचालित किया गया।_*

*_➡️इस दौरान मुख्य मार्गों पर किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाया गया, फ्रूट वेंडर एवं रेहड़ी-पटरी वालों को व्यवस्थित किया गया, तथा ई-रिक्शा के अनियंत्रित प्रवेश पर रोक लगाई गई, जिससे यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया जा सके।_*

*_➡️मार्ग अवरुद्ध करने वाले वाहनों के विरुद्ध कठोर चालानी कार्यवाही की गई।_*

*_ यह अभियान शहर में निर्बाध आवागमन, नागरिक सुविधा एवं स्वच्छ यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।_*

-प्रेस नोट-

दिनांक: 16.10.2025

*➡□त्योहारों के मद्देनज़र सहारनपुर पुलिस का फ्लैग मार्च — सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक निरीक्षण*

*□□वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर व अन्य पुलिस अधिकारीगण/कर्मचारीगण द्वारा घण्टाघर से नेहरू मार्केट तक पैदल गश्त किया गया।*

*➡□आगामी त्योहारों के दृष्टिगत शांति, कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर व अन्य पुलिस अधिकारीगण/कर्मचारीगण द्वारा घण्टाघर से नेहरू मार्केट तक पैदल गश्त (फ्लैग मार्च) किया गया।*

*➡□पैदल गश्त के दौरान बाजार क्षेत्र, मार्गों व प्रमुख सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को चौकसी बढ़ाने, सतर्क निगरानी रखने और नागरिकों के साथ सौहार्दपूर्ण संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए।*

*"सहारनपुर पुलिस सदैव जनता की सुरक्षा एवं सेवा के लिए प्रतिबद्ध है।" □♂*

दिनांक: 16.10.2025

-प्रेस नोट-

# ***थाना गागलहेडी पुलिस द्वारा मात्र 14 घण्टे में लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 लुटेरे गिरफ्तार, कब्जे से 1510/- रूपये नकद (शेष धनराशि), एक बैग, एक बैंक पासबुक, 01 तमंचा, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 02 अवैध चाकू व घटना में प्रयुक्त टेम्पो बरामद***

***घटना का विवरणः-*** *अवगत कराना है कि* ***दिनांक 15.10.2025 को*** *वादी श्री मांगेराम सिंह पुत्र मंगल सिंह निवासी हरियाबांस थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत दिनांक 13.10.2025 की शाम को घर जाते समय अज्ञात टैम्पू चालक व उसके दो साथी अज्ञात द्वारा टैम्पू को रास्ते मे रोककर वादी के हाथ से बैग जिसमे 2000/- रूपये नकद व कोओपरेटिव बैंक की पास बुक छीनकर ले जाने के सम्बन्ध मे मु0अ0सं0 293/25 धारा 309(4) बीएनएस में पंजीकृत कराया गया ।*

***पुलिस कार्यवाहीः-*** *वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्तो की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु आदेश-निर्देश दिये गये थे । आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्री प्रवेश कुमार के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 16.10.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना गागलहेड़ी पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुकदमा उपरोक्त में लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए* ***03 वांछित लुटेरे/ अभियुक्तगण 1. आलम पुत्र जमील अहमद निवासी ग्राम उग्राहू थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर, 2. शावेज पुत्र इमरान निवासी मौहल्ला धनकटी कैलाशपुर थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर व 3. हारुन पुत्र सलीम निवासी नूर मस्जिद कैलाशपुर थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर*** *को दया शुगर मिल के सामने हरियाबांस ओवर ब्रिज के पास कच्चे रास्ते पर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 01 तमंचा, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 02 अदद नाजायज चाकू, लूटे गये रूपयो से शेष बची1510/- रुपये व एक बैग, एक बैंक पासबुक व घटना में प्रयुक्त 01 टैम्पू बरामद हुए । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई तथा अभियुक्त शावेज उपरोक्त से बरामद 01 तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर एंव अभियुक्तगण 1.आलम व 2. हारून उपरोक्त से बरामद 02 अदद चाकू के आधार पर थाना गागलहेड़ी पर मु0अ0सं0 294/25 धारा 3/4/25 आयुद्ध अधि0 पंजीकृत किया गया है । गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।*

***पूछताछ का विवरणः-*** *गिरफ्तार अभियुक्तगण ने पूछताछ करने पर बताया कि हम नशे के आदि है नशा करने के लिये हमारे पास पैसे नही थे इसलिये हम तीनो ने मिलकर दिनांक 13.10.25 को शाम को भगवानपुर तिराहे से एक व्यक्ति को हरियाबास के लिये बैठाया था तथा हरियाबांस जा रहे थे जब हम लोग भगवानपुर रोड से हरियाबांस की तरफ को मुडे तो आगे चलकर हरियाबांस से पहले जंगल मे टैम्पू रोककर बैठी सवारी से रुपये व अन्य सामान लूट लिया था तथा उस व्यक्ति के साथ मारपीट कर भगा दिया था और टैम्पू को वापस लेकर चले आये थे । आज भी हम किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हरियाबांस की तरफ जा रहे थे ।*

***गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः-***

*1. आलम पुत्र जमील अहमद निवासी ग्राम उग्राहू थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर*

2. शावेज पुत्र इमरान निवासी मौहल्ला धनकटी कैलाशपुर थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर
3. हारुन पुत्र सलीम निवासी नूर मस्जिद कैलाशपुर थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर

**बरामदगी का विवरण -**

- 01 तमंचा 315 बोर
- 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर
- 02 नाजायज चाकू
- 1510/- रूपये (लूटी गयी धनराशि में से शेष बची)
- 01 बैग
- 01 बैंक पासबुक
- 01 टैम्पू न0 UP11CT9661 (घटना मे प्रयुक्त)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-**

1. थानाध्यक्ष श्री प्रवेश कुमार थाना गागलहेडी सहारनपुर।
2. उ0नि0 श्री राकेश शर्मा थाना गागलहेडी सहारनपुर।
3. उ0नि0 श्री रामचरन सिंह थाना गागलहेडी सहारनपुर।
4. है0का0 906 विपिन कुमार थाना गागलहेडी सहारनपुर।
5. है0का0 981 निशान्त थाना गागलहेडी सहारनपुर।
6. है0का0 716 राकेश राणा थाना गागलहेडी सहारनपुर।

-प्रेस नोट-

दिनांक: 16-10-2025

**□ *मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत — थाना मिर्जापुर मिशन शक्ति एन्टी रोमियो टीम द्वारा मात्र 12 घण्टे में अभियुक्त को गिरफ्तार कर, अपहर्ता को सकुशल किया गया***

*अवगत कराना है कि दिनाकं 15.10.2025 को वादी की लिखित तहरीर बाबत विपक्षी सुहैल पुत्र मुर्सलीन निवासी ग्राम मिर्जापुर थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर द्वारा वादी की नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में थाना मिर्जापुर पर मु0अ0स0 218/25 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।*

*श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा उक्त प्रकरण में अपहर्ता की शीध्र बरामदगी एंव अभियुक्त की गिरफ्तारी में दिये गये दिशा निर्देशो एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सुनील नागर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 16.10.2025 को थाना मिर्जापुर मिशन शक्ति एन्टी रोमियो टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुकदमा उपरोक्त में वांछित **अभियुक्त सुहैल पुत्र मुर्सलीन निवासी ग्राम मिर्जापुर थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर** को शेरपुर पैलो नहर की पटरी से गिरफ्तार कर अपहर्ता को सकुशल बरामद किया गया। अपहर्ता को वास्ते मेडिकल हेतु महिला जिला अस्पताल रवाना किया गया तथा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

***□♂□ गिरफ्तार अभियुक्त***

*सुहैल पुत्र मुर्सलीन निवासी ग्राम मिर्जापुर थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर*

***आपराधिक इतिहास –***

*1.मु0अ0स0 134/25 धारा 376/323/342/506 भादवि थाना जनकपुरी जिला सहारनपुर*

***□♀□ गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम----***

- *उ0नि0 उस्मान — थाना मिर्जापुर, जनपद सहारनपुर*
- *म0उ0नि0 दीक्षा — थाना मिर्जापुर, जनपद सहारनपुर*
- *का0 828 मोहित – थाना मिर्जापुर , जनपद सहारनपुर*
- *मका0 828 निकिता – थाना मिर्जापुर , जनपद सहारनपुर*

-प्रेस नोट-

दिनांक: 16-10-2025

# □ *मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत — थाना मिर्जापुर एन्टी रोमियो टीम ने एक वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार*

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री सुनील नागर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 16.10.2025 को मुखबिर की सूचना पर **थाना मिर्जापुर मिशन शक्ति एन्टी रोमियो टीम** ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित करने हेतु चलाए जा रहे **मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान** के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक वारण्टी **अभियुक्त सौरभ उर्फ सूरजपाल पुत्र मेघराम निवासी ग्राम नागलमाफी थाना मिर्जापुर सहारनपुर** को ग्राम नागलमाफी से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार वारण्टी को समय से न्यायालय पेश किया जा रहा है।*

**□♂□ *गिरफ्तार वारण्टी***

*सौरभ उर्फ सूरजपाल पुत्र मेघराम निवासी ग्राम नागलमाफी थाना मिर्जापुर सहारनपुर*

**□♀□ *गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम----***

- *म0उ0नि0 **दीक्षा** — थाना मिर्जापुर, जनपद सहारनपुर*
- *म0का0 **828 मोहित कुमार** — थाना मिर्जापुर, जनपद सहारनपुर*

दिनांकः 16-10-2025

-प्रेस नोट-

## □ *मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत — थाना सरसावा एन्टी रोमियो टीम ने एक वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार*

*अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी थाना सरसावा श्री संजीव कुमार के कुशल नेतृत्व मे थाना सरसावा एन्टीरोमियो पुलिस टीम द्वारा चैकिंग व गश्त के दौरान* ***01 वारण्टी अभियुक्त नौशाद पुत्र अमीर अहमद निवासी ग्राम धौलापड़ा नकुड़ रोड थाना सरसावा जिला सहारनपुर*** *को सम्बन्धित वाद संख्या 673/2025 धारा 147 बीएनएसएस (मा0 परिवार न्या0 सहारनपुर द्वारा निर्गित गिरफ्तारी वारन्ट) में ग्राम धौलापड़ा से गिरफ्तार किया गया। वारण्टी अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।*

### *गिरफ्तार अभियुक्त*

*नौशाद पुत्र अमीर अहमद निवासी ग्राम धौलापड़ा नकुड़ रोड थाना सरसावा जिला सहारनपुर*

### *गिरफ्तार करने वाली टीम*

*01. म0उ0नि0 अन्नू परिहार थाना सरसावा सहारनपुर।*
*02. उ0नि0 चन्द्रपाल सिह थाना सरसावा सहारनपुर*
*03. म0है0का0 06 बबीता थाना सरसावा सहारनपुर*
*04. म0है0का0 944 कविता थाना सरसावा सहारनपुर*

दिनांकः 16.10.2025

-प्रेस नोट-

## □ *थाना देवबन्द मिशन शक्ति टीम की त्वरित कार्यवाही*

## □ *मिशन शक्ति एण्टीरोमियो टीम द्वारा सड़क पर आती जाती हुई महिलाओं व युवतियों पर अश्लील फब्तियाँ कसने वाले 01 मनचला अभियुक्त गिरफ्तार*

अवगत कराना है कि **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर** के निर्देशन में *महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम*, *नारी सुरक्षा एवं सम्मान* को सुदृढ़ करने हेतु जनपद में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक **श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा** के कुशल नेतृत्व में थाना **देवबन्द** *मिशन शक्ति एण्टी रोमियो टीम* द्वारा एक सराहनीय कार्रवाई की गई।

□♀□ ***घटना का विवरण - :****दिनांक* ***16.10.2025*** *को थाना देवबन्द मिशन शक्ति टीम द्वारा* ***ठाकुर कृपाल सिंह मैमोरियल डिग्री कालिज रणखण्डी*** *से गश्त के दौरान 01 संदिग्ध व्यक्ति को समय 11.05 बजे गिरफ्तार किया गया, जो सड़क पर आने जाने वाली* ***महिलाओं एवं युवतियों पर अश्लील टिप्पणियाँ एवं फब्तियाँ*** *कस रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त थाना देवबन्द का प्रचलित हिस्ट्रीशीटर अपराधी भी है।*

□ ***कानूनी कार्रवाई - :****अभियुक्त की गिरफ्तारी के आधार पर* ***थाना देवबन्द*** *पर मु0अ0सं0-859/25, धारा* ***296 बीएनएस*** *के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक* ***विधिक कार्रवाई*** *की जा रही है।*

***गिरफ्तार अभियुक्त—***

*1. लक्ष्मण पुत्र नरेश निवासी ग्राम रणखण्डी थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर (H.S -128A)*

***अभियुक्त लक्ष्मण का आपराधिक इतिहासः-***

*1. मु0अ0सं0 839/2019 धारा 60(1) आब0अधि0 थाना देवबन्द*

*2. मु0अ0सं0 840/2019 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना देवबन्द*

*3. मु0अ0सं0 860/2019 धारा 147/18/149/307/323/354/427/452/504/506 भादवि व 3(2)5 SC/ST Act थाना देवबन्द*

*4. मु0अ0सं0 0718/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना देवबन्द*

□♂□ **गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम:**

1. *उ0नि0 रणवीर सिंह, थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर*
2. *म0है0का0 292 प्रियंका शर्मा थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर*
3. *का0 2471 नरेन्द्र कुमार थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर*
4. *का0 2409 सुशील कुमार थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर*

-प्रेस नोट-

दिनांकः 16.10.2025

***_➡सहारनपुर पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने हेतु विशेष अभियान आयोजित - थाना फतेहपुर पुलिस की मिशन शक्ति एंटी रोमियो टीम की सराहनीय पहल_***

***_➡वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं विकसित भारत 2047 अभियान के अंतर्गत थाना फतेहपुर की एंटी रोमियो टीम द्वारा ग्राम रेडी के ग्राम पंचायत में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति प्रभारी उप निरीक्षक मिथिलेश राठौर, मुख्य महिला आरक्षी नीरज (1199), महिला कांस्टेबल प्रीति (505), होमगार्ड सुमित एवं ग्राम पंचायत सचिव हिमानी द्वारा ग्रामीण महिलाओं, छात्राओं एवं बच्चों को विभिन्न सामाजिक एवं सुरक्षा विषयों पर जानकारी दी गई। टीम ने प्राथमिक विद्यालय में जाकर बच्चों को "गुड टच-बैड टच" के विषय में जागरूक किया तथा साइबर अपराधों से बचाव एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों — 1090, 112, 181, 1930, 1076 आदि के बारे में जानकारी प्रदान की। महिलाओं को संबोधित करते हुए उपनिरीक्षक ने कहा कि "आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। अपने अधिकारों को जानना और निडर होकर अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना ही सशक्तिकरण की पहचान है।"कार्यक्रम में मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें विजेता छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। टीम ने सभी प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा के महत्त्व, ऑनलाइन ठगी से बचाव तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया।_***

-प्रेस नोट-

दिनांकः **16.10.2025**

***_➡️महिला सशक्तिकरण एवं साइबर सुरक्षा को लेकर थाना रामपुर मनिहारान पुलिस की जागरूकता पहल - मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत इंडिया टुडे स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित_***

***_➡️वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अवसर पर थाना रामपुर मनिहारान पुलिस द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी श्री सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम ने इंडिया टुडे स्कूल, रामपुर मनिहारान में पहुंचकर छात्राओं, महिलाओं एवं विद्यालय स्टाफ को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं — जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंशन योजना, बाल कल्याण योजनाएं आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी।_***

***_➡️टीम द्वारा उपस्थित छात्राओं को डिजिटल सुरक्षा, साइबर फ्रॉड, फ्रॉड कॉल, अनचाहे लिंक और साइबर ब्लैकमेलिंग जैसे ऑनलाइन अपराधों से सतर्क रहने की सलाह दी गई।_***

***_➡️इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित एवं डिजिटल रूप से जागरूक बनाना है ताकि वे हर परिस्थिति में आत्मविश्वास के साथ अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें।_***

-प्रेस नोट-

दिनांकः **16.10.2025**

*_➡□थाना बिहारीगढ़ पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित - एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं, छात्राओं एवं ग्रामीणों को किया डिजिटल रूप से सशक्त_*

*_➡□वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत थाना बिहारीगढ़ पुलिस द्वारा आज ग्राम मुस्सापुर, मदनपुरा, जहानपुर एवं ताल्हापुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का नेतृत्व थाना अध्यक्ष श्री अक्षय शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर महिला उप निरीक्षक अक्षिता सिंह, महिला कांस्टेबल रेनू, महिला पीआरडी सुषमा, एवं साइबर सेल नोडल अयूब अली की टीम द्वारा विभिन्न स्थलों पर चौपाल लगाकर महिलाओं, पुरुषों, छात्राओं एवं बच्चों को साइबर अपराध से बचाव, डिजिटल सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।_*

*_➡□प्राइमरी स्कूल मुस्सापुर में आयोजित कार्यक्रम में टीम ने PPT प्रस्तुति के माध्यम से छात्रों एवं शिक्षिकाओं को गुड टच-बैड टच, साइबर फ्रॉड, फेक कॉल्स, अनचाहे लिंक, और डिजिटल एरेस्टिंग जैसे खतरों से बचने के उपाय बताए। साथ ही, महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण एवं सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं — जैसे कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंशन, चाइल्ड वेलफेयर योजनाएं आदि की विस्तृत जानकारी दी गई।_*

*_कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को महिला एवं बच्चों की सुरक्षा हेतु हेल्पलाइन नंबर —_*

☐ 1090 (वूमेन पावर लाइन)

☐ 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन)

☐ 1930 (साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग)

☐ 181 (महिला हेल्पलाइन)

☐ 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)

☐ 102 / 108 (एंबुलेंस सेवा)

☐ 1970 (साइबर क्राइम अवेयरनेस)

के बारे में बताया गया तथा संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए।

-प्रेस नोट-

दिनांकः 16.10.2025

_*➡️□थाना गागलहेड़ी पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 व राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक*_

*➡️□वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 व साइबर सुरक्षा के अंतर्गत थाना गागलहेड़ी पुलिस की मिशन शक्ति एंटीरोमियो टीम द्वारा ग्राम भाभरी में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।*

इस कार्यक्रम में महिला आरक्षी रेणु यादव, अल्पना भारती, मनीषा एवं शशिबाला द्वारा उपस्थित बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति एण्टीरोमियो टीम ने प्रतिभागियों को डिजिटल एरेस्टिंग जैसी झूठी अफवाहों से सावधान रहने, साइबर फ्रॉड और साइबर क्राइम से बचाव, तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं — जैसे महिला कल्याण, बाल सुरक्षा, शिक्षा एवं स्वावलंबन संबंधी कार्यक्रमों की जानकारी दी।

_*इसके साथ ही, उपस्थित जनसमूह को महिला एवं बच्चों की सुरक्षा हेतु जारी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया —*_

□ 1090 (वूमेन पावर लाइन)

□ 1930 (साइबर अपराध रिपोर्टिंग)

□ 108 (एंबुलेंस सेवा)

□ 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)

_□□कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व बालिकाओं के नाम व संपर्क नंबर दर्ज किए गए ताकि भविष्य में किसी भी समस्या पर पुलिस द्वारा त्वरित सहायता प्रदान की जा सके। थाना गागलहेड़ी पुलिस की इस पहल का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा, आत्मविश्वास एवं डिजिटल जागरूकता को बढ़ावा देना तथा समाज में सुरक्षित वातावरण का निर्माण करना है।_

-प्रेस नोट-

दिनांकः 16.10.2025

_*➡️थाना गागलहेड़ी पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित*_

*➡️वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 व राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के तहत थाना गागलहेड़ी पुलिस की एंटी रोमियो टीम द्वारा ग्राम खजूरी अकबरपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।*

इस कार्यक्रम में टीम द्वारा उपस्थित बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक करते हुए मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों की जानकारी दी गई। टीम ने महिलाओं को अपने अधिकारों की जानकारी रखने, किसी भी प्रकार की घटना को न छिपाने और तत्परता से पुलिस या हेल्पलाइन पर संपर्क करने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान टीम ने महिलाओं को "डिजिटल एरेस्टिंग" जैसी झूठी अफवाहों से सावधान रहने, तथा साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, और साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं एवं बच्चों के कल्याण से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी भी प्रदान की गई।

मिशन शक्ति पुलिस टीम ने महिलाओं को महिला एवं आपातकालीन सेवाओं से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया —

□ 1090 (वूमेन पावर लाइन)

□ 1930 (साइबर अपराध रिपोर्टिंग)

□ 108 (एंबुलेंस सेवा)

□ 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)

_□□इसके साथ ही मिशन शक्ति केंद्र की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि पुलिस हमेशा महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता के लिए तत्पर है।_

-प्रेस नोट-

दिनांक: **16.10.2025**

***_*□साइबर सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण की दिशा में थाना सदर बाजार पुलिस की पहल*_***

****➡□वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 व राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के तहत प्राथमिक विद्यालय ग्राम कोरी माजरा में साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।****

***इस कार्यक्रम में मिशन शक्ति एंटीरोमियो प्रभारी उप निरीक्षक चंचल कुमारी एवं महिला कांस्टेबल ज्योति वर्मा ने छात्राओं को साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, गुड टच-बैड टच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर वीडियो व ऑडियो माध्यम से जागरूक किया।***

***मिशन शक्ति पुलिस टीम ने महिलाओं को महिला एवं आपातकालीन सेवाओं से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया —***

***□ 1090 (वूमेन पावर लाइन)***

***□ 1930 (साइबर अपराध रिपोर्टिंग)***

***□ 108 (एंबुलेंस सेवा)***

***□ 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)***

-प्रेस नोट-

दिनांक: 16.10.2025

***➡️ मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के तहत थाना गागलहेडी मिशन शक्ति एंटीरोमियो पुलिस टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं को किया सशक्त, जागरूक और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित***

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 व साइबर सुरक्षा के अंतर्गत थाना गागलहेड़ी पुलिस की मिशन शक्ति एंटीरोमियो टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम खजूरी अकबरपुर बस स्टैंड एवं सियाराम इंटर कॉलेज, कस्बा गागलहेड़ी में महिलाओं, छात्राओं एवं आमजन को जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। मिशन शक्ति पुलिस टीम ने उपस्थित बालिकाओं व महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति प्रेरित करते हुए मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में टीम ने डिजिटल एरेस्टिंग से जुड़ी झूठी अफवाहों से सचेत रहने, साइबर फ्रॉड, साइबर क्राइम, फेक कॉल्स एवं ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय बताए। इसके साथ ही महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं तथा बाल संरक्षण और शिक्षा से जुड़ी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। टीम ने सभी को अपने अधिकारों, सुरक्षा और आत्मरक्षा के महत्व को समझाया।*

_*इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को महिला एवं आपातकालीन सेवाओं से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई —*_

☐ *1090 (वूमेन पावर लाइन)*

☐ *1930 (साइबर अपराध रिपोर्टिंग हेल्पलाइन)*

☐ *108 (एंबुलेंस सेवा)*

☐ *112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)*

-प्रेस नोट-

दिनांक: 16.10.2025

_*➡️थाना तीतरों पुलिस द्वारा साइबर सुरक्षा व मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित*_

*➡️वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 व साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक तीतरों व मिशन शक्ति एण्टीरोमियो पुलिस द्वारा ब्राइट होम पब्लिक स्कूल, तीतरों में कार्यक्रम आयोजित किया गया।*

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक अवनि उपाध्याय, का. दिव्यांशु एवं प्रिंसिपल श्री रहमान ने महिलाओं व छात्राओं को साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी व डिजिटल सुरक्षा के बारे में जागरूक किया।

मिशन शक्ति पुलिस टीम ने हेल्पलाइन नंबर 1930, 1090, 112, 1098 की जानकारी दी, पंपलेट वितरित किए गये।

-प्रेस नोट-

दिनांक: 16.10.2025

*□थाना जनकपुरी पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 व साइबर सुरक्षा के तहत महिला जागरूकता अभियान आयोजित*

*➡□मिशन शक्ति फेज 5.0 व साइबर सुरक्षा के अंतर्गत थाना जनकपुरी की मिशन शक्ति एंटीरोमियो टीम द्वारा थाना जनकपुरी क्षेत्र के सलेमपुर गाड़ा गांव में महिलाओं की बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं एवं समाधान के सुझाव दिए।*

मिशन शक्ति टीम ने तकिया जानकनगर, SBD चौराहा, देहरादून चौक, सपना पुल, बाजोरिया रोड एवं मंदिर क्षेत्र में जाकर महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन से जुड़ी जानकारियाँ दीं। उन्हें डिजिटल एरेस्टिंग, साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन अपराधों, एवं सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान की गई।

_*मिशन शक्ति पुलिस टीम ने महिलाओं को प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों —*_

□ 1090 (वूमेन पावर लाइन)

□ 1930 (साइबर अपराध रिपोर्टिंग)

□ 108 (एंबुलेंस सेवा)

□ 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा) के बारे में बताया और पंपलेट वितरित किए।

-प्रेस नोट-

दिनांकः 16.10.2025

_*□थाना बेहट पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 व साइबर सुरक्षा के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक*_

*➡□वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 व साइबर सुरक्षा हेतु थाना बेहट की मिशन शक्ति एंटीरोमियो टीम, जिसमें उपनिरीक्षक मनोरमा चौधरी एवं कांस्टेबल शीतल सम्मिलित रहीं, जिनके द्वारा थाना क्षेत्र के गांव जस्मौर स्थित प्राथमिक विद्यालय एवं शाकुंभरी गेट पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।*

_मिशन शक्ति पुलिस टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि "डिजिटल एरेस्टिंग जैसी झूठी अफवाहों से भ्रमित न हों।" इसके साथ ही, उन्हें साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, बाल सुरक्षा, सरकारी योजनाओं व मिशन शक्ति केंद्र से संबंधित जानकारी दी गई।_

_*कार्यक्रम में प्रमुख हेल्पलाइन नंबर —*_
□ 1090 (वूमेन पावर लाइन)
□ 1930 (साइबर अपराध रिपोर्टिंग)
□ 108 (एंबुलेंस सेवा)
□ 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा) की जानकारी दी गई और पंपलेट वितरित किए गए।

मिशन शक्ति पुलिस टीम ने ऑपरेशन नशा मुक्ति के तहत लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया तथा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर नाम और नंबर दर्ज किए।

*_➡□थाना बेहट पुलिस की यह पहल महिलाओं और बालिकाओं में जागरूकता, आत्मविश्वास एवं डिजिटल सुरक्षा की भावना को सशक्त करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।_*

-प्रेस नोट-

दिनांकः 16.10.2025

_*➡□थाना गंगोह पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिला जागरूकता अभियान आयोजित*_

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत थाना गंगोह की मिशन शक्ति एंटीरोमियो टीम, जिसमें महिला उप निरीक्षक वर्षा कुशवाहा, उप निरीक्षक खुशबू, महिला हेड कांस्टेबल राजरानी, महिला हेड कांस्टेबल बबीता एवं चालक रक्षित सम्मिलित रहे, द्वारा थाना क्षेत्र के गांव चक्कवाली, बुमरादेव सरस्वती इंटर कॉलेज, एवं कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट, नकुड रोड में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। टीम ने डिजिटल एरेस्टिंग से जुड़ी झूठी अफवाहों, साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, एवं साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। साथ ही सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं बाल संरक्षण कार्यक्रमों के बारे में बताया गया।

_*टीम ने प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी —*_
□ 1090 (वूमेन पावर लाइन)
□ 1930 (साइबर अपराध रिपोर्टिंग)
□ 108 (एंबुलेंस सेवा)
□ 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)

महिलाओं व छात्राओं को मिशन शक्ति केंद्र की भूमिका से अवगत कराया गया तथा ऑपरेशन नशा मुक्ति के तहत नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के नाम और संपर्क नंबर दर्ज किए गए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर शीघ्र सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

_*□□थाना गंगोह पुलिस की यह पहल महिलाओं और बालिकाओं को डिजिटल रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर एवं सुरक्षित समाज निर्माण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है।*_

-प्रेस नोट-

दिनांकः 16.10.2025

_*□थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 व साइबर सुरक्षा के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक*_

*➡□वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 व राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा के अंतर्गत थाना कोतवाली नगर की मिशन शक्ति एंटीरोमियो टीम द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया।*

कार्यक्रम का नेतृत्व महिला उपनिरीक्षक अंजू सिंह द्वारा किया गया, उनके साथ चालक कांस्टेबल धर्मेंद्र, महिला आरक्षी मीनाक्षी एवं महिला कांस्टेबल भारती उपस्थित रहीं।
मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को डिजिटल एरेस्टिंग से जुड़ी झूठी अफवाहों, सशक्तिकरण, तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जिसमें उन्हें साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी एवं डिजिटल सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया गया।
टीम ने प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों —
□ 1090 (वूमेन पावर लाइन)
□ 1930 (साइबर अपराध रिपोर्टिंग)
□ 108 (एंबुलेंस सेवा)
□ 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)
□ 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) के बारे में बताया और पंपलेट वितरित किए।

_□□थाना कोतवाली नगर मिशन शक्ति पुलिस टीम की यह पहल महिलाओं में सुरक्षा, आत्मविश्वास और जागरूकता की भावना को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।_

-प्रेस नोट-

दिनांकः **16.10.2025**

***_➡️सहारनपुर पुलिस द्वारा “द दून वैली पब्लिक स्कूल” देवबंद में छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता संबंधी जानकारी प्रदान की गई_***

***_➡️श्रीमान पुलिस अधीक्षक देहात, श्री सागर जैन के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में महिला थाना प्रभारी बबीता तोमर, रिपोर्टिंग चौकी प्रभारी म0उ0नि0 सविता चौधरी, एंटी रोमियो टीम एवं साइबर टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 एवं राष्ट्रीय साइबर क्राइम जागरूकता माह के तहत “द दून वैली पब्लिक स्कूल”, देवबंद (सहारनपुर) में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।_***

***_➡️कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक देहात श्री सागर जैन द्वारा छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, बाल कल्याण योजनाएं, विधवा पेंशन, मुख्यमंत्री सुमंगला योजना तथा बाल श्रम उन्मूलन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं।_***

***_साथ ही, विद्यार्थियों को सरकारी हेल्पलाइन नंबरों —_***

***□ 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा),***

***□ 1090 (महिला पावर लाइन),***

***□ 181 (महिला हेल्पलाइन),***

***□ 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन) —***

***के उपयोग के बारे में भी अवगत कराया गया।***

***_□♀️ यह पहल सहारनपुर पुलिस द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।_***

-प्रेस नोट-

दिनांकः 16.10.2025

_*□थाना नानौता पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 व साइबर सुरक्षा के अंतर्गत महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित*_

*➡□वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 व राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा के तहत थाना नानौता मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा गांव नैनपुर में महिलाओं को जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।*

इस अवसर पर उपनिरीक्षक जयवीर सिंह व महिला हेड कांस्टेबल जूली द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन से संबंधित जानकारी दी गई। इसके टीम ने उन्हें डिजिटल एरेस्टिंग जैसी झूठी अफवाहों, साइबर फ्रॉड, और साइबर अपराधों से सतर्क रहने के उपाय बताए।

इसके साथ ही, सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं बच्चों के हित में चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी गई। महिलाओं को अपने अधिकारों, सुरक्षा और आत्मरक्षा के महत्व से अवगत कराया गया।

_*मिशन शक्ति पुलिस टीम ने प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी —*_
□ 1090 (वूमेन पावर लाइन)
□ 1930 (साइबर अपराध रिपोर्टिंग)
□ 108 (एंबुलेंस सेवा)
□ 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)

_□□थाना नानौता पुलिस की यह पहल महिलाओं में जागरूकता, आत्मविश्वास और डिजिटल सुरक्षा की भावना को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।_

-प्रेस नोट-

दिनांकः 16.10.2025

*□थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित*

*➡□वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 व राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अंतर्गत थाना फतेहपुर की मिशन शक्ति एंटीरोमियो टीम द्वारा ग्राम जजनेर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।*

इस कार्यक्रम का नेतृत्व मिशन शक्ति प्रभारी उपनिरीक्षक मिथलेश राठौर ने किया। उनके साथ मुख्य महिला आरक्षी नीरज, महिला कांस्टेबल प्रीति, होमगार्ड सुमित एवं ग्राम पंचायत सचिव हिमानी उपस्थित रहीं।

मिशन शक्ति पुलिस टीम ने ग्राम पंचायत सचिवालय में महिलाओं और पुरूषों को साइबर सुरक्षा, सरकारी योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही प्राथमिक विद्यालय, ग्राम जजनेर में जाकर बच्चों को गुड टच-बैड टच के बारे में बताया और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य — सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के बारे में बताया गया तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।
उपनिरीक्षक मिथलेश राठौर ने कहा कि — “आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी हैं। किसी भी प्रकार की घटना या अपराध को छिपाने के बजाय तुरंत पुलिस हेल्पलाइन पर संपर्क कर सहायता प्राप्त करनी चाहिए।”

मिशन शक्ति टीम ने प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।—
□ 1090 (वूमेन पावर लाइन)
□ 1930 (साइबर अपराध रिपोर्टिंग)
□ 181 (महिला हेल्पलाइन)
□ 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)
□ 108 (एंबुलेंस सेवा)

_□□थाना फतेहपुर पुलिस की यह पहल समाज में महिला सशक्तिकरण, डिजिटल जागरूकता और सुरक्षित भारत के निर्माण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है।_

-प्रेस नोट-

दिनांकः 16.10.2025

*_🚨🚔♂️🚨 जनपद सहारनपुर पुलिस का सघन नाकाबंदी अभियान — अपराध पर प्रभावी अंकुश हेतु सीमाएं सील कर की गई सघन चेकिंग 🚨 _*

*_➡️ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में वर्तमान परिस्थितियों एवं संभावित आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के दृष्टिगत एक सुदृढ़ नाकाबंदी एवं चेकिंग कार्ययोजना लागू की गई। इस कार्ययोजना का उद्देश्य अपराध नियंत्रण, अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी, कानून-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना है।_*

*_➡️आज दिनांक 16.10.2025 को समय 15:00 बजे से 16:00 बजे तक जनपद भर में इस अभियान के अंतर्गत —नगर क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र तथा अन्तर्जनपदीय/अन्तर्राज्यीय सीमाओं पर बैरियर लगाकर सघन चेकिंग की गई।_*

*_🔹 अभियान की प्रमुख विशेषताएँ :_*
* जनपद की सभी सीमाओं को अस्थायी रूप से सील कर रणनीतिक नाकाबंदी की गई।
* संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों एवं वस्तुओं की गहन तलाशी एवं सत्यापन किया गया।
* सीसीटीवी, ड्रोन व इंटेलिजेंस इनपुट के माध्यम से संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखी गई।
* थाना स्तर से लेकर जनपद स्तर तक पुलिस समन्वय एवं गश्त व्यवस्था को और प्रभावी बनाया गया।
* अभियान का उद्देश्य अपराधियों में भय एवं जनता में विश्वास उत्पन्न करना रहा।

-प्रेस नोट-

दिनांकः 16.10.2025

*□महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में थाना बड़गांव पुलिस की सराहनीय पहल मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं साइबर सुरक्षा अभियान के तहत थाना बडगांव मिशन शक्ति एंटीरोमियो पुलिस टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक*

थाना बड़गांव की मिशन शक्ति एंटीरोमियो टीम, जिसमें उप निरीक्षक बचन सिंह अत्री, उप निरीक्षक ब्रह्मगिरी, महिला आरक्षी प्रीति, हेड कांस्टेबल मोहम्मद आबिद तथा हेड कांस्टेबल दीपक कुमार शामिल रहे, ने थाना क्षेत्र के ग्राम महेशपुर, ग्राम पंचायत शब्बीपुर, आदर्श इंटर कॉलेज, दलहेरी रोड, रामपुर तिराहा एवं बाजार क्षेत्र में जाकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया।

मिशन शक्ति पुलिस टीम ने बाजार में खरीदारी करने आई महिलाओं तथा विद्यालय और कॉलेज की छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य — "महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन" से परिचित कराया। टीम ने बताया कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रसर हैं और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना ही सशक्तिकरण की पहली सीढ़ी है।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को बताया गया कि "डिजिटल एरेस्टिंग" जैसी झूठी अफवाहों से भ्रमित न हों तथा किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि, साइबर फ्रॉड, बैंकिंग ठगी या सोशल मीडिया अपराध की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें।
मिशन शक्ति पुलिस टीम ने उपस्थित लोगों को ऑनलाइन सुरक्षा, पासवर्ड संरक्षण, फेक लिंक से सावधानी एवं साइबर अपराध से बचाव के व्यवहारिक उपाय भी बताए। इसके साथ ही, सरकार द्वारा संचालित प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं — जैसे कन्या सुमंगला योजना, महिला कल्याण योजना, बाल विकास कार्यक्रम आदि के बारे में जानकारी दी गई, जिससे महिलाएं सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें।

_*महिलाओं को निम्न प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई —*_
□ 1090 (वूमेन पावर लाइन – महिला सुरक्षा हेतु)
□ 1930 (साइबर अपराध रिपोर्टिंग हेल्पलाइन)
□ 108 (एंबुलेंस सेवा)
□ 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)

एंटी रोमियो टीम ने महिला एवं बाल सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि —
"कोई भी अपराध छोटा या बड़ा नहीं होता। अपनी सुरक्षा के लिए आवाज उठाना ही सशक्त समाज की पहचान है। पुलिस हमेशा आपके साथ है — बस एक कॉल दूर।"

*इस दौरान आदर्श इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं को सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं साइबर जागरूकता के प्रति प्रेरित किया गया, वहीं बाजार क्षेत्र में गश्त कर टीम ने महिलाओं से संवाद स्थापित किया और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग भी की।*

_□□*थाना बड़गांव पुलिस की यह पहल न केवल महिलाओं को सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर समाज की दिशा में जागरूक कर रही है, बल्कि यह संदेश भी दे रही है कि — “जागरूक नारी ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है।”*_

-प्रेस नोट-

दिनांकः 16.10.2025

*थाना नकुड़ पुलिस की मिशन शक्ति पहल – जागरूक नारी, सुरक्षित समाज* □

_*➡□थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर में मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के तहत मिशन शक्ति एंटीरोमियो पुलिस टीम — महिला उपनिरीक्षक सिमरन कमलेश व माधुरी शर्मा — द्वारा आर्यन इंटरनेशनल स्कूल, अंबेटहा पीर में छात्र-छात्राओं व अध्यापिकाओं को ऑडियो-वीडियो माध्यम से साइबर सुरक्षा, डिजिटल फ्रॉड, गुड टच-बैड टच और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।*_

मिशन शक्ति पुलिस टीम ने 1090, 1930, 1076, 1098, 108, 112 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए कहा —"जागरूक रहिए, सुरक्षित रहिए — पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर है।" □♀□

-प्रेस नोट-

दिनांकः 16.10.2025

_*➡️□थाना नकुड़ पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित*_

*➡️□वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अंतर्गत थाना नकुड़ पुलिस की मिशन शक्ति एंटीरोमियो टीम द्वारा महिलाओं, छात्राओं और शिक्षिकाओं को जागरूक करने हेतु एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।*

कार्यक्रम का आयोजन C.S. दयानंद स्कूल, अम्बेहटा पीर में किया गया, जहाँ महिला उपनिरीक्षक सिमरन कमलेश एवं महिला उपनिरीक्षक माधुरी शर्मा ने छात्र-छात्राओं और अध्यापिकाओं को ऑडियो-वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

मिशन टीम ने उपस्थित प्रतिभागियों को बताया कि आज के डिजिटल युग में साइबर जागरूकता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। उन्होंने डिजिटल एरेस्टिंग, साइबर फ्रॉड, फ्रॉड कॉल्स, अनचाहे लिंक और ऑनलाइन ठगी से बचने के उपायों की विस्तार से जानकारी दी।

इसके साथ ही महिलाओं व छात्राओं को गुड टच-बैड टच, बाल मजदूरी न कराने, तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं — विधवा पेंशन योजना, कन्या सुमंगला योजना, बाल कल्याण योजनाएँ आदि के बारे में भी बताया गया।

_*मिशन शक्ति एण्टीरोमियो पुलिस टीम ने प्रतिभागियों को प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी —*_
□ 1090 (वूमेन पावर लाइन)
□ 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन)
□ 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन)
□ 1930 (साइबर अपराध रिपोर्टिंग)
□ 108 (एंबुलेंस सेवा)
□ 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)

_□□महिला उपनिरीक्षक सिमरन कमलेश ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा — "सशक्त महिला वही है जो अपने अधिकारों को जानती है, और किसी भी परिस्थिति में निडर होकर सही कदम उठाती है।"_

-प्रेस नोट-

दिनांक: 16.10.2025

_*□थाना मंडी पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 व राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा के तहत महिला जागरूकता अभियान आयोजित*_

*➡□वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 व साइबर सुरक्षा के तहत थाना मंडी पुलिस द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों एवं बैंकों में महिलाओं व बालिकाओं को एकत्र कर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।*

अभियान के दौरान टीम ने महिलाओं को महिला सुरक्षा, साइबर जागरूकता एवं सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। प्रतिभागियों को हेल्पलाइन नंबर 1930 (साइबर अपराध हेल्पलाइन) और 1090 (वूमेन पावर लाइन) की सेवाओं की कार्यप्रणाली समझाई गई तथा बताया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या पर तुरंत पुलिस सहायता प्राप्त करें।

मिशन शक्ति पुलिस टीम ने मिशन शक्ति केंद्र, थाना मंडी में उपलब्ध सेवाओं के बारे में अवगत कराया और महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही उपस्थित महिलाओं से उनकी समस्याएं पूछी गईं, समाधान के सुझाव दिए गए तथा पंपलेट वितरित किए गए।

*_□□थाना मंडी पुलिस की यह पहल महिलाओं में सशक्तिकरण, आत्मविश्वास और जागरूकता की भावना को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।_*

-प्रेस नोट-

दिनांकः 16.10.2025

*□थाना मिर्जापुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 व साइबर सुरक्षा के तहत महिला सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता अभियान आयोजित*

*➡□वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 व राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के तहत थाना मिर्जापुर मिशन शक्ति पुलिस द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।*

इस अभियान के अंतर्गत —
(A) ग्राम बेगपुर नौगांव में महिलाओं को एकत्र कर उन्हें सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से जुड़ी जानकारियाँ दी गईं।
(B) ग्राम नागल माफी स्थित एसबीआई बैंक का निरीक्षण किया गया और वहां उपस्थित महिलाओं व कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा एवं ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपायों के बारे में बताया गया।
(C) उच्च प्राथमिक विद्यालय ग्राम नागल माफी में छात्राओं व शिक्षिकाओं को डिजिटल एरेस्टिंग जैसी झूठी अफवाहों, सशक्तिकरण, तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और बालिकाओं के कल्याण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं को साइबर फ्रॉड, साइबर क्राइम, फेक कॉल्स व अनचाहे लिंक से सावधान रहने की सलाह दी और बताया कि जागरूकता ही सुरक्षा की पहली सीढ़ी है।
_*इसके साथ ही उन्हें सरकार द्वारा जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई —*_
□ 1090 (वूमेन पावर लाइन)
□ 1930 (साइबर अपराध रिपोर्टिंग हेल्पलाइन)
□ 108 (एंबुलेंस सेवा)
□ 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)
□ 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन)

-प्रेस नोट-

दिनांकः **16.10.2025**

# ***थाना कोतवाली नगर मिशन शक्ति एण्टीरोमियो टीम द्वारा शांति भंग करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार***

*अवगत कराना है कि **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में महिला सुरक्षा एवं महिला सम्बन्धी अपराध की रोकथाम हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है** । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री नेमचन्द सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर मिशन शक्ति एण्टीरोमियों टीम द्वारा आम रास्ते पर आते जाते व्यक्तियों, महिलाओं व युवतियों को गाली गलौच करने वाले अभियुक्त के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई ।*

*आज दिनांक 16.10.2025 को दाल मण्डी पुल, थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा सड़क पर आने-जाने वाले लोगों के साथ अभद्रता, गाली-गलौच एवं शांति भंग करने की सूचना पर थाना कोतवाली नगर मिशन शक्ति एण्टीरोमियों टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर **अभियुक्त चाँद पुत्र महमूद निवासी मोहल्ला छीपियान थाना कोतवाली नगर, जनपद सहारनपुर** को **शांति भंग** में गिरफ्तार किया गया ।*

*गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर पर अन्तर्गत **धारा 170/135/126 बीएनएसएस** के चालानी कार्यवाही कर समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।*

## ☐ *गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:*

- ***नाम:*** *चाँद पुत्र महमूद* ***पता*** *मोहल्ला छीपियान, थाना कोतवाली नगर, जनपद सहारनपुर*

## ☐ *गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम:*

1. *म0उ0नि0 अंजू सिंह — थाना कोतवाली नगर, सहारनपुर*
2. *म0का0 187 अनु तोमर — थाना कोतवाली नगर, सहारनपुर*
3. *म0का0 988 मीनाक्षी — थाना कोतवाली नगर, सहारनपुर*
4. *म0का0 भारती — थाना कोतवाली नगर, सहारनपुर*

## ☐ *उद्देश्य एवं संदेश:*

*"महिला सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता देते हुए सहारनपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत एण्टीरोमियो टीमों द्वारा गश्त व चेकिंग लगातार की जा रही है। सार्वजनिक स्थानों पर अभद्र व्यवहार एवं शांति भंग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।"*

-प्रेस नोट-

दिनांकः 16.10.2025

# *मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत - थाना कुतुबशेर मिशन शक्ति एण्टीरोमियो टीम द्वारा शांति भंग करने वाले 02 अभियुक्तो को किया गिरफ्तार*

*अवगत कराना है कि **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में महिला सुरक्षा एवं महिला सम्बन्धी अपराध की रोकथाम हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है** । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री हृदय नारायण सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना कुतुबशेर मिशन शक्ति एण्टीरोमियों टीम द्वारा आम रास्ते पर आते जाते व्यक्तियों, महिलाओं व युवतियों को गाली गलौच करने वाले अभियुक्त के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई ।*

*आज दिनांक 16.10.2025 **थाना कुतुबशेर मिशन शक्ति एण्टीरोमियों टीम** चैकिंग व गश्त करते हुए चौकी भैरो मंदिर क्षेत्र से रवाना होकर जब **कल्पना टाकीज, थाना कुतुबशेर** पहुँची तो वहां दो व्यक्ति मोटरसाइकिल का हार्न बार-बार बजाने को लेकर अन्य व्यक्तियों से **आमदा-फसाद** हो रहे थे ।*

*मिशन शक्ति टीम द्वारा द्वारा दोनों व्यक्तियों को समझाने का प्रयास किया गया, परन्तु दोनों व्यक्ति नहीं माने और झगड़े पर आमादा रहे । शांति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत दोनों को मौके से गिरफ्तार किया गया।*

☐ ***कानूनी कार्रवाई:*** *गिरफ्तार अभियुक्तों को कारण गिरफ्तारी बताते हुए अन्तर्गत **धारा 170 बी.एन.एस.एस.** में गिरफ्तार किया गया तथा उनके विरुद्ध **धारा 170/126/135 बी.एन.एस.एस.** के अंतर्गत विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।*

### ☐ *गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:*

1. *समीर पुत्र निशार निवासी भडबूजो वाली गली  सतीश मेडिकल के बराबर मे हबीबगढ थाना कुतुबशेर सहारनपुर*
2. *जकी पुत्र तनवीर निवासी छप्पर वाली मस्जिद मदरसे के पास नदीम कालोनी थाना कुतुबशेर सहारनपुर*

### ☐ *गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम:*

1. *उ0नि0 श्री रामबाबू  थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर ।*
2. *म0उ0नि0 सुमन चाहर मय एन्टीरोमियो टीम थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।*
3. *है0का0 819 सतेन्द्र  थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर ।*

### ☐ *उद्देश्य एवं संदेश:*

*"महिला सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता देते हुए सहारनपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत एण्टीरोमियो टीमों द्वारा गश्त व चेकिंग लगातार की जा रही है। सार्वजनिक स्थानों पर अभद्र व्यवहार एवं शांति भंग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।*

-प्रेस नोट-

दिनांकः 16.10.2025

_*□थाना कुतुबशेर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 व साइबर सुरक्षा के अंतर्गत महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित*_

*➡□वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 व राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के तहत थाना कुतुबशेर की मिशन शक्ति एंटीरोमियो पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र के विद्यालयों, बाजारों और बैंकों में महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया।*

कार्यक्रम में उप निरीक्षक सुमन चाहर, मुख्य आरक्षी कमलेश एवं आरक्षी ममता सम्मिलित रहीं। मिशन शक्ति पुलिस टीम ने गुरुनानक कन्या इंटर कॉलेज, सेंट मेरी गर्ल्स स्कूल, अमर शहीद इंटर कॉलेज, एवं बजाज इंटरनेशनल स्कूल में छात्राओं को महिला सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी।

_*इसके साथ ही, बाजारों और बैंकों में उपस्थित महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों के बारे में अवगत कराया गया —*_

□ 1090 (वूमेन पावर लाइन)
□ 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन)
□ 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन)
□ 1930 (साइबर अपराध रिपोर्टिंग हेल्पलाइन)
□ 108 (एंबुलेंस सेवा)
□ 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)

थाना कुतुबशेर पुलिस की यह पहल महिलाओं में सुरक्षा, आत्मविश्वास और जागरूकता की भावना को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

_*□□"महिला सुरक्षा हमारी प्राथमिकता — थाना कुतुबशेर सदैव आपकी सेवा में तत्पर।" □♀□*_

-प्रेस नोट-

दिनांकः 16.10.2025

_*□थाना सरसावा पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित*_

*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0, राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अंतर्गत थाना सरसावा मिशन शक्ति एण्टीरोमियो पुलिस द्वारा ग्राम जगेहता नजीब में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।*

इस कार्यक्रम में महिला हेड कांस्टेबल कविता मलिक महिला हेड कांस्टेबल बबीता, एवं महिला कांस्टेबल सरिता चौधरी द्वारा महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों को सुरक्षा, सशक्तिकरण और डिजिटल जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गई।

मिशन शक्ति टीम ने उपस्थित जनसमूह को बताया कि आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्हें साइबर फ्रॉड, फर्जी कॉल, अनचाहे लिंक, ऑनलाइन ठगी और डिजिटल एरेस्टिंग जैसी अफवाहों से बचने के उपाय बताए गए। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं — जैसे कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंशन, बाल कल्याण योजनाएँ आदि की जानकारी दी गई।

बच्चों को गुड टच-बैड टच के बारे में सरल और समझने योग्य तरीके से बताया गया ताकि वे अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रह सकें। महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के महत्व से अवगत कराया गया।

_*कार्यक्रम के दौरान प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई —*_

□ 1090 (वूमेन पावर लाइन)

□ 1930 (साइबर अपराध रिपोर्टिंग हेल्पलाइन)

□ 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)

□ 108 (एंबुलेंस सेवा)

□ 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन)

*महिला हेड कांस्टेबल कविता मलिक ने कहा कि — “आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी हैं। अपने अधिकारों को जानना और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना ही सशक्तिकरण की असली पहचान है।”*

*थाना सरसावा पुलिस की यह पहल समाज में महिला सुरक्षा, डिजिटल जागरूकता और आत्मनिर्भरता की भावना को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है।*

_*□□*“जागरूक महिला – सुरक्षित समाज”— थाना सरसावा पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर है।* □♀□*_

-प्रेस नोट-

दिनांक: 16.10.2025

_*➡□थाना बेहट पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 व राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता अभियान आयोजित*_

*➡□वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 व साइबर सुरक्षा के तहत थाना बेहट पुलिस की मिशन शक्ति एंटीरोमियो टीम द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।*

मिशन शक्ति टीम में महिला उपनिरीक्षक मनोरमा, महिला कांस्टेबल शीतल, एवं कांस्टेबल अनिल कुमार सम्मिलित रहे। टीम ने थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर जाकर महिलाओं, छात्राओं और नागरिकों को सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी।

इस दौरान —

(A) ग्राम जस्मोर में महिलाओं को एकत्र कर उन्हें उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया।

(B) ग्राम जस्मोर स्थित पंजाब नेशनल बैंक (PNB) का निरीक्षण किया गया, जहाँ महिलाओं को साइबर फ्रॉड और ऑनलाइन ठगी से बचाव की जानकारी दी गई।

(C) प्राथमिक विद्यालय मंडी रोड एवं प्राथमिक विद्यालय ग्राम जस्मोर में बालिकाओं को डिजिटल एरेस्टिंग, साइबर क्राइम, और झूठी अफवाहों से सतर्क रहने के उपायों की जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं और महिलाओं को बताया कि सरकार द्वारा संचालित योजनाएँ — जैसे कन्या सुमंगला योजना, बाल कल्याण कार्यक्रम, महिला कल्याण योजनाएँ — सभी महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं।

_*साथ ही उन्हें प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई —*_

□ 1090 (वूमेन पावर लाइन), □ 1930 (साइबर अपराध रिपोर्टिंग हेल्पलाइन)

□ 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), □ 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), □ 108 (एंबुलेंस सेवा)

महिला उपनिरीक्षक मनोरमा ने कहा कि — “महिला सुरक्षा केवल पुलिस की नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। जागरूकता ही सशक्तिकरण का पहला कदम है।”

_*□□“थाना बेहट पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर है।” □♀□*_

-प्रेस नोट-

दिनांक: **16.10.2025**

_*□थाना नागल पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 व साइबर सुरक्षा के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान आयोजित*_

*➡□वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 व साइबर सुरक्षा के तहत थाना नागल पुलिस की मिशन शक्ति एंटीरोमियो टीम एवं मिशन शक्ति प्रभारी उपनिरीक्षक सुमन यादव द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से थाना क्षेत्र में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।*

मिशन टीम में महिला कांस्टेबल ज्योति एवं महिला पीआरडी रीना शामिल रहीं। कार्यक्रम के तहत टीम ने ग्राम ताजपुर के प्राथमिक विद्यालय, IIMT कॉलेज नागल एवं कस्बे के सार्वजनिक स्थलों पर जाकर बालिकाओं, महिलाओं और बच्चों को जागरूक किया। विद्यालयों में छात्राओं को डिजिटल एरेस्टिंग, साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी और झूठी अफवाहों से बचाव के उपाय बताए गए। छोटे बच्चों को गुड टच और बैड टच के विषय में सरल भाषा में समझाया गया, ताकि वे अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें। मिशन शक्ति टीम ने उपस्थित जनसमूह को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं एवं महिला और बाल सुरक्षा कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी।महिलाओं को बताया गया कि वे किसी भी समस्या या अपराध की स्थिति में बिना हिचकिचाहट हेल्पलाइन नंबरों पर तुरंत संपर्क करें —

□ 1090 (वूमेन पावर लाइन)

□ 1930 (साइबर अपराध रिपोर्टिंग)

□ 108 (एंबुलेंस सेवा)

□ 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)

-प्रेस नोट-

दिनांकः 16.10.2025

_*➡□थाना कुतुबशेर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अंतर्गत जनजागरूकता अभियान आयोजित*_

*➡□वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अंतर्गत थाना कुतुबशेर की मिशन शक्ति एंटी रोमियो टीम द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जनजागरूकता अभियान चलाया गया।*

मिशन शक्ति टीम ने आमजन को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन से संबंधित जानकारी दी तथा साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए।

_लोगों को जागरूक करते हुए टीम ने हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी —_
□ 1090 (वूमेन पावर लाइन)
□ 1930 (साइबर अपराध रिपोर्टिंग)
□ 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन)
□ 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)
□ 108 (एंबुलेंस सेवा)

टीम ने नागरिकों से सतर्क रहने, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने तथा महिलाओं की सुरक्षा में सहयोग करने की अपील की।

_*□□“जागरूक नागरिक ही सुरक्षित समाज की नींव हैं।” — थाना कुतुबशेर पुलिस □♀□*_

-प्रेस नोट-

दिनांकः 16.10.2025

_*□थाना सरसावा पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक*_

*➡□वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत थाना सरसावा मिशन शक्ति एण्टीरोमियो पुलिस द्वारा ग्राम हुसैनपुर में महिलाओं व बालिकाओं के लिए विशेष जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया।*

मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन से संबंधित जानकारी दी गई तथा उन्हें डिजिटल एरेस्टिंग से जुड़ी झूठी अफवाहों, साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। टीम ने उपस्थित महिलाओं व छात्राओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं — जैसे कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंशन, बाल कल्याण योजनाएं आदि के बारे में भी जानकारी दी। बच्चों को गुड टच-बैड टच की जानकारी देकर उन्हें अपने अधिकारों व सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।
_*कार्यक्रम के दौरान प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई —*_
□ 1090 (वूमेन पावर लाइन)
□ 1930 (साइबर अपराध रिपोर्टिंग)
□ 108 (एंबुलेंस सेवा)
□ 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)

टीम ने कहा कि किसी भी प्रकार की घटना या अपराध की स्थिति में तुरंत पुलिस या हेल्पलाइन से संपर्क करें। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को पंपलेट वितरित किए गए और सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के प्रति प्रेरित किया गया। थाना सरसावा पुलिस की यह पहल समाज में महिला सशक्तिकरण, डिजिटल जागरूकता और आत्मविश्वास की भावना को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है।

*_□□“जागरूक महिला – सुरक्षित समाज” थाना सरसावा पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर है। □♀□_*

-प्रेस नोट-

दिनांकः **16.10.2025**

***□□चौकी गंगोह महिला थाना द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 व साइबर सुरक्षा के तहत बालिकाओं को किया गया जागरूक***

****➡□वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन प्रभारी निरीक्षक महिला थाना श्रीमती बबीता तोमर के नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 व साइबर सुरक्षा हेतु चौकी गंगोह महिला थाना की टीम द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।****

***इस अवसर पर महिला आरक्षी गुड्डन द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय, ग्राम बुढ़नपुर की छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं — विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन, कन्या सुमंगला योजना, बाल कल्याण कार्यक्रम एवं बाल मजदूरी उन्मूलन अभियान — के बारे में जागरूक किया गया। मिशन शक्ति टीम ने बच्चों को गुड टच-बैड टच की समझ दी, जिससे वे अपनी सुरक्षा के प्रति सतर्क और जागरूक रह सकें।***

***साथ ही, उन्हें महिला एवं बाल सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई —***

***□ 1090 (वूमेन पावर लाइन)***

***□ 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन)***

***□ 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन)***

***□ 1930 (साइबर हेल्पलाइन)***

***□ 108 (एंबुलेंस सेवा)***

***□ 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)***

दिनांकः 16.10.2025

-प्रेस नोट-

_*□थाना रामपुर मनिहारान पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के तहत जागरूकता अभियान आयोजित*_

*➡□वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के अंतर्गत थाना रामपुर मनिहारान मिशन शक्ति एण्टीरोमियो पुलिस टीम द्वारा महिला सशक्तिकरण व साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया।*

मिशन शक्ति प्रभारी उपनिरीक्षक नेहा चौधरी द्वारा घास मंडी, रामपुर मनिहारान पर चेकिंग की गई तथा वहां उपस्थित महिलाओं, बालिकाओं और नागरिकों को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। टीम ने महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं — विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल कल्याण योजनाएं और बाल मजदूरी उन्मूलन कार्यक्रम — के बारे में बताया। साथ ही छात्राओं को गुड टच-बैड टच, डिजिटल सुरक्षा, ऑनलाइन ठगी, फ्रॉड कॉल्स, और अनचाहे लिंक जैसी साइबर गतिविधियों से सतर्क रहने की जानकारी दी।

*_कार्यक्रम में प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई —_*

□ 1090 (वूमेन पावर लाइन)

□ 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन)

□ 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन)

□ 1930 (साइबर अपराध रिपोर्टिंग)

□ 108 (एंबुलेंस सेवा)

□ 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा)

-प्रेस नोट-

दिनांकः 16.10.2025

_*➡️□थाना चिलकाना पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 व राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा माह के तहत छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक - वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत थाना प्रभारी चिलकाना व मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा महिला सशक्तिकरण और साइबर सुरक्षा जागरूकता के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।*_

कार्यक्रम का संचालन थाना प्रभारी चिलकाना एवं महिला उपनिरीक्षक सुमन के नेतृत्व में किया गया, जिसमें एंटी रोमियो / मिशन शक्ति टीम ने कस्बा सुल्तानपुर स्थित नव नवोदय इंटर कॉलेज एवं जे. इंटर कॉलेज में जाकर छात्राओं और छात्रों को जागरूक किया। मिशन शक्ति पुलिस टीम ने छात्राओं को बताया कि मिशन शक्ति का उद्देश्य प्रत्येक महिला और बालिका को सुरक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। उन्हें अपने अधिकारों, सुरक्षा उपायों और कानून की जानकारी रखनी चाहिए ताकि किसी भी आपात स्थिति में वे स्वयं की रक्षा कर सकें। मिशन शक्ति पुलिस टीम ने उपस्थित छात्राओं को बताया कि साइबर अपराधों, जैसे ऑनलाइन फ्रॉड, फेक कॉल, फर्जी लिंक, डिजिटल एरेस्टिंग आदि से बचने के लिए हमेशा सावधान रहें और संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें।

_*इसके साथ ही, छात्राओं को निम्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई —*_
□ 1090 — वूमेन पावर लाइन, □ 1076 — मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
□ 112 — पुलिस आपातकालीन सेवा, □ 108 — एंबुलेंस सेवा

_*“किसी भी अपराध या उत्पीड़न की स्थिति में चुप रहना अपराधियों को बढ़ावा देता है। जागरूक होकर आवाज उठाना ही सच्चा सशक्तिकरण है।”*_

*“सशक्त नारी – सुरक्षित समाज की नींव” थाना चिलकाना पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर है। □♀□*

-प्रेस नोट-

दिनांकः 16.10.2025

_*➡□साइबर थाना सहारनपुर द्वारा राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के तहत विद्यार्थियों को किया गया जागरूक*_

*➡□वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन साइबर थाना सहारनपुर के पर्यवेक्षण में राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह (अक्टूबर) के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।*

इस अवसर पर महिला कांस्टेबल रूपा, कांस्टेबल राजीव एवं कांस्टेबल राकेश कुमार द्वारा थाना रामपुर मनिहारान क्षेत्र के ग्राम मुंडीखेड़ा स्थित अपर प्राइमरी स्कूल में बालक एवं बालिकाओं को डिजिटल सुरक्षा, साइबर फ्रॉड और साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

थाना साइबर पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को बताया कि डिजिटल एरेस्टिंग, फेक लिंक, फर्जी कॉल, ऑनलाइन ठगी जैसी घटनाओं से सावधान रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें तथा महिला सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति अभियान-5.0 से भी जागरूक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में बच्चों को बताया गया कि ऑनलाइन सुरक्षा के सरल उपाय, जैसे पासवर्ड साझा न करना, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करना और अनजान लोगों से चैटिंग से बचना — इनसे ही अधिकांश साइबर अपराधों से बचाव संभव है।

साइबर थाना पुलिस टीम द्वारा पंपलेट वितरित किए गए, विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे गए तथा उनकी समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया गया।

_*"सुरक्षित इंटरनेट – सुरक्षित भारत" साइबर थाना सहारनपुर सदैव आपकी डिजिटल सुरक्षा के लिए तत्पर है। □□♂□*_